
# बच्चों के साथ कैम्पिंग

क्रिस्टिना क्रॉस





# यह समय कैम्पिंग में जाने का है!

मुझे कैम्पिंग या किसी शिविर में जाना पसंद हैयह बहुत ही मज़ेदार होता है जब हम पेड़ों के बीच होते हैं !, सितारों के नीचे सोते हैं और प्रकृति का गंध महसूस करते हैं। खुशबू में जीना बहुत ही अच्छा लगता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि बच्चों को शिविर में ले जाने से अक्सर उनके जीवन में बड़े बदलाव ला सकते हैं। वे जो कुछ भी जानते हैं उन्हें अनुभव करने का अवसर देते हैं और साथ ही उन्हें परमेश्वर से जुड़ने में मदद करते हैं। ऐसा कुछ भी नहीं है जिनसे हम इसकी तुलना कर सके।


एक बच्चे के रूप में मैं हर साल शिविरों में परमेश्वर के लिए कई निर्णयों को लेती थी, और मुझे पता है कि परमेश्वर ने मेरी बातें सुनी है। मुझे मेरे चर्च के साथ कैम्पिंग में जाने का अवसर मिला क्योंकि बाइबल की आयतों को याद करने के लिए इस तरह से पुरस्कृत किया जाता था। मैंने हर साल कड़ी मेहनत की और शिविर में मेरा प्रवेश सुनिश्चित करती थीमैं उन सभी शिक्षकों और अगुवों के लिए बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरी मदद की और म !ेरे जीवन में निवेश किया, जिन्होंने मुझे शिविर जाने में मदद की और साथ ही शिविर के दौरान हमारी सेवकाई की।

मैं आप को प्रोत्साहित करना चाहूंगी कि आप अपनी कक्षा के साथ प्रकृति में एक आउटिंग की योजना बनायें। उन्हें किसी खास स्थान में ले जाओ; और यदि संभव हो, तो रात उनके साथ कहीं बाहर बिताएं। मजेदार क्रियाकलाप करें, भोजन की योजना बनाएं और परमेश्वर के बारे में उन्हें बताएं। आप जानते हो कि इसमें काफी मेहनत, योजना, पैसा लगेगा और आपको असुविधा भी हो सकती है। लेकिन यकीनन (!मैं अब ज़मीन पर सोना नहीं चाहूंगी), आप जानते हैं कि इसका प्रतिफल बहुत बड़ा हैं !

आपकी कक्षा के साथ किसी शिविर में जाने से पहले एक महत्वपूर्ण टिप; वापस घर लौटते वक्त बच्चों की पूरी संख्या के साथ घर लौटने की कोशिश करें।



शुभकामनाओं सहित,




बहन क्रिस्टिना क्रॉस

# विषय सूची


यह समय कैम्पिंग में जाने का है! ....................2

विषय सूची ....................2

नेतृत्व....................3-4


प्रकृति चलती है ....................4-5

शिल्पकला ....................6-7

खाने के व्यंजन ....................7-8

सुरक्षा ....................9-10

अतिरिक्त ....................10-11

# नेतृत्व

## 1. भर्ती करना



शिविर के लिए बच्चों को आमंत्रित करें मैं चाहता हूं कि आप" :मेरे साथ शिविर में जाएं। दूसरों को भी शामिल " करें, उन्हें अपने दोस्तों को शिविर में आमंत्रित करने के लिए कहें। पहले से ही पूछें, अक्सर पूछिए, सबसे पूछिए और फिर से पूछें। उदाहरण के लिए, एक अगुवे ने एक बच्चे को शिविर में जाने के लिए दर्जन बार पूछा, और तेरहवें बार, लड़के ने कहा हाँ", वह शिविर में गया और वहां उसने मसीह को ग्रहण कियाआप अशिष्ट न बनें !, लेकिन कभी हिम्मत न हारें। अपने प्रतिदिन के कार्यक्रमों में से एक लंबे समय तक के लिए दूर रहना बच्चों को परमेश्वर के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकता है और वे जीवन में बहुत बदलाव पा सकते हैं इसलिए उन ... !बच्चों को शिविर में जाने के लिए तैयार करें

## 2. छोटे समूहों को अगुवाई देना

यह हमारा काम है कि एक ऐसा वातावरण बनाना जो बच्चों को अपनी बात बांटने, बात करने और सोचने के लिए मुक्त करता है। गोपनीयता निश्चित ही मौजूद रहनी चाहिए; इसलिए, सभी को यह याद दिलाएं कि शिविर में जो कहा जाता है वह शिविर में ही रहता है। के अवसर रखें "बर्फ को तोड़ने", जिससे बच्चों को एकदूसरे और उनके अगुवों को जानने में मदद मिलेगी। ऐसे गुणवत्ता वाले प्रश्न पूछें-, जिनके केवल के उत्तर ना हो। "हां या नहीं" यह पूछने के बजाय



कि, "क्या आज आपको मज़ा आया?" ऐसे पूछो, "आपके लिए आज के दिन का सबसे अच्छा हिस्सा क्या था?" अधिकांश अगुवे शिविर में उनके छोटे समूह होने पर बहुत ज्यादा बोलते रहते हैं। बच्चों को बात करने दो। ताकि बातचीत एक तरल पदार्थ की तरह दोनों तरफ बहती रहें, लगातार बच्चों की बातों की पुष्टि करें, आपकी मित्रता का नमूना दें और अधिक प्रश्नों के साथ सवालों के उत्तर दें जब आप कोई प्रश्न पूछते हैं ! जिसमें आप सभी के द्वारा जवाब दिए जाने की अपेक्षा करते हैं तब एक रणनीति जो अक्सर काम करती हैं वह है कि आपके पास कोईऐसी वस्तु हो जिसे फेंका जा सकता है, जैसे एक रूई से भरा जानवर या पुरानी जुराब। कोई भी वस्तु जो आपके पास जमीन पर पड़ी हो, काम करेगी। अपने हाथ में वस्तु वाला व्यक्ति अगले व्यक्ति को बोलने के लिए चुनेगा और उस चीज़ को उसकी ओर फेंकेगा। हालांकि, बच्चों को हमेशा चुप रहने का अधिकार होता है। वे वस्तु को प्राप्त करते हैं और कह सकते हैं और बोलने के लिए अगले व्यक्ति की ओर उस वस्तु को फेंक सकते हैं। "अगला या नेक्स्ट" इस तरह, उनके पास भाग लेने का अवसर होगा, लेकिन वे भाग लेने के लिए मजबूर नहीं होंगे। जितना अधिक हम विद्यार्थियों को सहज महसूस कराते हैं, उतना अधिक वे अपने हृदय को खोलेंगे और उन बातों को स्वीकार करते हैं जिन्हें हमनें उनके लिए शिविर में तैयार किया हैं!

## 3. अपने दर्शन को बांटना



शिविर के समूह के अगुवे कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मानो या न मानो, शिविर में जो कुछ भी होता है और प्रत्येक कार्यक्रम जो वहां होता है, वह सब छोटे समूहों के अगुवों को बच्चों के साथ वार्तालाप करने में सहायता प्रदान करता है, बातचीत जहां यीशु मसीह के साथ एक व्यक्तिगत संबंध के विषय में उनसे पूछा जाता है। कई बार, ऐसा लग सकता है कि कार्यक्रम निदेशक, समारोहों का मास्टर या संगीतकार शिविर में सबसे

महत्वपूर्ण व्यक्ति होते हैं। लेकिन उनकी प्रसिद्धि अस्थायी होती है लेकिन हम बच्चों के साथ जो दोस्ती करते हैं, वह स्थायी होती हैं। छोटे समूहों के अगुवे अपने विद्यार्थियों के साथ घर जायेंगे और आने वाले कई सालों तक उनके साथ संपर्क में रह सकते हैं। इस बात को सुनिश्चित करें कि आपके अगुवे शिविर में उनकी भूमिका के महत्व को जानते हैं।

## ४. मसीह में एक बच्चे को अगुवाई देना



जब उन्हें लगता है कि कोई तैयार है, तो यह महत्वपूर्ण है कि अगुवे इस सवाल के साथ तैयार रहें, “क्या आप मसीह के साथ एक व्यक्तिगत रिश्ता बनाना चाहते हैं? "या क्या आप एक मसीही बनना " चाहते हैं?"

यहाँ एक उदाहरण प्रार्थना है:

"हे पिता, आज आपसे बात करने का यह क्या ही एक सौभाग्य की बात है मेरे साथ कोई है जिनका ! मैं आपसे परिचय कराना चाहता हूं________, आपका खोया हुआ बच्चा, जो अव आपके पास आता है उसने तय किया है कि आपके बिना एक जीवन ऐसा नहीं है जिस तरह से इसे होना चाहिए। ! वह अब मुड़कर आ गया हैं, अपने पुराने सोच और जीवन के तरीके से मुड गए हैं, और हे स्वर्गीय पिता, आपकी ओर चलना शुरू कर दिया है। उन्हें क्षमा करने के लिए धन्यवाद। जब वे घर वापस आते हैं तो उन्हें स्वीकार करने के लिए भागकर आने के लिए धन्यवाद। हम इस बच्चे के साथ जो कुछ भी आप करते हो, जो वापस अपने घर आ गया है, उसे देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। और हम जानते हैं कि पहली चीज जो आप करेंगे वह यह है कि आज स्वर्ग में एक बड़ी पार्टी का आयोजन किया जाएगा। हम भी जश्न मनाएंगे खुले बाहों के साथ !______ का घर में स्वागत करने के लिए, पिताजी, फिर से आपका धन्यवाद। हम आशा करते हैं कि आप उन्हें यह जानने की अनुमति देंगे कि उनके लिए आपके साथ घर में रहने का क्या अर्थ है। आमीन।"

किसी को परमेश्वर के पास आने का मार्गदर्शन देने के बाद, उनके साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखें, और दूसरों के साथ उस बात को बांटने में उनकी मदद करो जो उनके साथ हुआ है। सप्ताह के अंत में हर किसी के साथ इस बात को बांटने की संभावना के बारे में उनसे बात करें कि उन्होंने मसीह को कैसे पाया और अब वे एक मसीही कैसे हैं। जब वे वापस लौटते हैं, तो जीवन के बारे में उनसे बात करें, और यदि संभव हो, तो उन्हें अनुवर्ती सामग्री या नया नियम दें।

# प्रकृति चलती है

## ५. मेमोरी वॉक



शिविर या पर्यावरण से संबंधित 10 वस्तुओं को चुनें, जैसे किएक सूखी गुठली :, एक बलूत का पत्थर, एक पत्थर, लंबी डाली, काँटों वाली एक शाखा, एक पेड़ के पत्ते, जलाने के लिए लकड़ी के टुकड़े आदि। लगभग) 10 सामग्रियां।(

किसी वस्तु के नीचे उन्हें छिपाने के लिए रखें, जैसे कि एक जैकेट, एक टीशर्ट-, एक कंबल या एक दुपट्टा। फिर अपने आसपास खड़े विद्यार्थियों के सामने, उन वस्तुओं को सबको दिखाएँ और फिर बच्चों को 5 से 10 सेकंड के लिए उन्हें देखने दें। अपने विद्यार्थियों को उन सामग्रियों की तरह दिखने वाले चीज़ों को ढूँढने के लिए शिविर या रास्ते में उनके आसपास भेजें। 5 से 15 मिनट की एक समय सीमा निर्धारित करें। छोटे विद्यार्थियों को जोड़े में भेजें, "मित्र की सुरक्षा को " याद रखना चाहिए। जो विद्यार्थी या विद्यार्थियों का जोड़ा सबसे ज्यादा सामान लेकर वापस आते हैं, वे ही जीतेंगे।



## 6. प्रकृति चलती है

बच्चों को कुछ समय के लिए किसी जंगल या पार्क में जाने की अनुमति दें जो सुरक्षित, शांत और खूबसूरत हो, ताकि वे फूलों का आनंद उठा सकें, आवाजों को सुन सके, घास पर लेट सके, आदि। एक पल उन्हें सोचने के लिए कुछ ढूंढने दें और परमेश्वर का धन्यवाद देने या इसके बारे में परमेश्वर से बात करने के लिए थोड़ा समय दें। कुछ समय के बाद, वापस आकर कुछ बच्चों को इस अनुभव को शेष समूह के साथ बांटने के लिए कहें। आप एक साथ जंगल में दोपहर का भोजन का भी मज़ा ले सकते हैं, या आप वहां पर जानवरों के पैरों के निशान भी देख सकते हो  अधिक मजेदार बनाने) के लिए, अगुवे पहले से ही कुछ जानवरों के पैरों के निशान बना सकते हैं, ताकि बच्चे उन्हें खोज सके।(

## 7. सफाई अभियान



प्रत्येक टीम को प्रकृति से एकत्र करने के लिए चीजों की सूची दी जाती है। सभी टीमों के पास एक ही सूची है। सुनिश्चित करें कि वे कम से कम 2 के समूह में जाएं और पहले से ही सीमा निर्धारित करें कि वे कितनी दूर जा सकते हैं। आप इस सूची में क्या शामिल कर सकते हैं, इसके कुछ सुझाव यहां दिए गए हैं:

* एक फल
* एक पत्ता
* एक जूते से कुछ बड़ा
एक तरफ कुछ नरम और दूसरी ओर खुरदरा *
सभ्यता के कुछ अवशेष *
* उपहार के लिए कुछ
* कुछ पतली और लंबी
* उनके अगुवों के लिए कुछ
* बहुत छोटा या अजीब पत्थर

अंत में, प्रत्येक समूह दूसरों को दिखाता है कि उन्होंने क्या इकट्ठा किया है।

## 8. पेड़ों की आड़ में सीटी



एक बच्चा  बनने का अभिनय करता है और उसे बजाने के लिए एक सीटी दी "लोमड़ी"जाती है, और उसे दूसरे बच्चों से कुछ मिनट पहले जंगल में छोड़ दिया जाता है। थोड़े थोड़े समय के अंतराल में उस सीटी को बजाएं ताकि अन्य बच्चे उसकी आवाज को सुनकर मार्गदर्शन पा सके। वह "लोमड़ी", हर बार जब वह सीटी बजाता है, तो अलगअलग दिशाओं में आवाज़ कर सकता है। जब- लोमड़ी को लगता हैं कि वह फंस चुकी है, तो उस सीटी को तब तक बजाते रहो जब तक कि सभी बच्चे वहां पहुंच नहीं जाते, जहां वह है। आप प्रत्येक बिंदु पर विभिन्न गतिविधियों को जोड़ सकते हैं जहाँ पर लोमड़ी आपको अगुवाई कर रही है। उदाहरण के लिए, वे एक ऐसे बिंदु पर जाते हैं जहां उनका मानना है कि लोमड़ी सीटी बजा रही है और वहां एक क्रियाकलाप की जा सकती है। उदाहरण के लिएपांच बार कूदना :, पाठ के मुख्य आयत को बोलना, प्रत्येक विद्यार्थी के लिए कैंडी, या हर किसी के लिए ड्रिंक्स, आदि।

# शिल्पकला

## ९. छड़ी गुलदस्ता



बच्चों को छड़ी और टहनियां एक साथ रखना पसंद होता है। सूखी टहनियों से बने एक गुलदस्ता बनाओ, जिसमें रबड़ बैंड का उपयोग करके उन्हें किसी खाली फूलदान या डिब्बे के चारों ओर बांधों। बच्चों को अपनी शाखाओं और छड़ियों को खुद इकट्ठा करने दो, और यह सुनिश्चित करें कि वे अपने फूलदान से अधिक लंबे हो। फूलदान के चारों ओर 2 रबड़ बैंड लगाओं और रबड़ बैंड के नीचे उन छड़ियों को डाल दें, जब तक कि फूलदान ढक न जाए। रबर बैंड को एक साथ खिसकाएँ और उन पर एक सुंदर रिबन बाँध दें। यदि आप चाहें, तो आप सभी शाखाओं को एक ही ऊंचाई में रखते हुए ट्रिम या काट सकते हैं। फूलदान को जंगली फूलों से भरें ताकि आप अपने शिविर के खाने के क्षेत्र को तैयार कर सके या फिर उन्हें अपने विद्यार्थियों के परिवारों को उपहार के रूप में घर भेज दें।

## १०. घर में बना हुआ चॉक



अपने विद्यार्थियों को का उपयोग करके आसानी से घर "प्लास्टर ऑफ पेरिस" में बने हुए चॉक बनाने का मज़ा उठाने देंप्रत्येक बच्चे को टॉयलेट पेपर ट्यूब !, एल्यूमीनियम परत, एक छोटा डिस्पोजेबल प्लेट और एक चम्मच का आवश्यकता होगी। चॉक और टेप में रंग जोड़ने के लिए उन्हें कुछ रंग की भी आवश्यकता होगी। अपने विद्यार्थियों को मजबूत टेप के साथ टॉयलेट पेपर ट्यूब को कवर करके परियोजना शुरू करने दें। एल्यूमीनियम पन्नी का एक टुकड़ा रोल करें और इसे ट्यूब में डाल दें ताकि यह अंदर बिलकुल ठीक तरह से फिट हो जाय। एक समतल सतह पर ट्यूब को सीधी रखें। कप में (नली टेप नीचे की ओर हो), अपने विद्यार्थियों को आधा कप पानी के साथ 1 कप प्लास्टर ऑफ़ पेरिस को मिलाकर मिश्रण बनाने में मदद करें। धीरेधीरे और पूरी तरह से मिलाएं जब तक कि मिश्रण पूरी तरह से घुल न जाए-, लगभग 1 मिनट तक। फिर तुरंत 2 चम्मच रंग या पेंट को डालें या चौक को अधिक गहरा रंग करने के लिए थोडा और डालें), लेकिन सावधान रहें क्योंकि इससे दाग लग सकता है।अच्छी तरह से मिलायें। चम्मच को ट्यूब के अंदर रखो और इसे धीरे से पीटें ताकि मिश्रण नीचे बैठ जाए। इसे उपयोग करने से पहले रात भर सूखने दें। (

## ११. पानी की बोतल शिल्पकला

जब बच्चे शिविर के लिए बाहर जाते हैं तो आप अपने विद्यार्थियों के साथ अपनी खुद की पानी की बोतल बनाएं। प्रत्येक विद्यार्थी को एक डिस्पोजेबल पानी की बोतल दें और इसे सजाने के लिए रंगीन कागज़ के टुकड़े या ऊनी कपड़े भी। एक साधारण सजावट के लिए आप पानी की बोतल को ऊनी कपडे के ऊपर रखें और फिर सिलिकॉन गोंद से इसे सही जगह में चिपका दें। आप सुई और धागे के साथ किनारों को ठीक कर सकते हैं। आप कपड़े के छोटे टुकड़ों को गूंथकर एक हैंडल भी बना सकते हो जैसा कि दिखाया गया है। आप हैंडल को चिपकाने के लिए सिलिकॉन गोंद का उपयोग कर सकते हैं और फिर इसे सुई और धागे के साथ मजबूत कर सकते हैं।






## 12. मेलबॉक्स शिल्पकला

एक डिब्बे और एक ढक्कन के साथ विद्यार्थी लोग अपने लिए मेलबॉक्स बना सकते हैं इस तरह आप शिविर ! के दौरान नोट्स या कोई सन्देश एक दूसरों के साथ बाँट सकते हैं, घर से या अपने शिविर के अगुवों से मनोरंजक सन्देश पा सकते हों। प्रत्येक विद्यार्थी अपने मेलबॉक्स को अपनी पसंद के अनुसार सजा सकता है, फिर उस मेलबॉक्स को एक पेड़ के साथ लटका दें, या इसे एक पेड़ की शाखाओं के बीच रखें। मज़ा शुरू होने दो!

## 13. प्रकृति रब्बिंग्स या छवियाँ





यह एक बहुत ही आसान विचार है। इन को बनान ''छवि'' या ''रब्बिंग्स''ः के लिए एक सफ़ेद कागज़ को एक पेड़ के पत्ते पर या किसी भी भौतिक चीज पर रख सकते हो, जो आप चाहते हो जैसे कि पेड़ कि छाल या पत्थर की सतह। पेपर पर एक क्रेयॉन या चौक का टुकड़ा लेकर रगड़ें आप घर में बने चौक का इस्तेमाल) । सतह पर उभ(कर सकते हैं जो आपने पहले बनाया थारे हुए बिंदु गहरे पंक्तियाँ पैदा करेंगे। थोड़ा रगड़ने के बाद, आपको कागज पर एक वस्तु की छवि मिल जाएगी। शिविर के दौरान बच्चे ऐसे का संग्रह कर सकते हैं। "छवियों"



## 14. चलने में इस्तेमाल होने वाली छड़ी

अपने विद्यार्थियों को उनके चलने की गतिविधियों के लिए सबसे अच्छा चलने की छड़ी की तलाश करने दें। उन छड़ियों को सजाने की अनुमति देने के लिए कुछ समय दो। शिविर में कुछ वस्तुओं को सजाने में मदद करने के लिए लेकर आयें; जैसे कि विभिन्न रंग के धागे, पंख, या मोतियाँ। अपने विद्यार्थियों को प्रकृति से चीजों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें जैसे कि पेड़ के पत्ते और असामान्य दिखने वाली छोटी छड़ें।
वे अपने चलने की छड़ियों को बनाने का जरूर आनंद लेंगे, जो वे चलने के दौरान इस्तेमाल कर सकते हैं और बाद में वे उन्हें अपने अपने घर भी ले जा सकेंगे!

# खाने के व्यंजन

## 15. संतरे के साथ खाना बनाने की कला

**एक संतरे में चॉकलेट केक:**



संतरे के ऊपरी भाग को काटें लगभग -1/3 नीचे की ओर। बच्चों को संतरे के अंदर के भाग को निकालने के लिए चम्मच का उपयोग करने दें इस बात का ध्यान रखें के संतरे के छिलके न कटे। – फिर कुछ केक मिश्रण तैयार करें।
बच्चों को अपने स्वयं के संतरे भरने दें लगभग -2/3 पूर्ण। संतरे के ढक्कन को वापस रखो और संतरे को पहले की तरह सीधी रखें। मोटी एल्यूमीनियम पन्नी में संतरे को लपेटें जैसे कि चित्र में) दिखाया गया है, कुछ परत इसके लिए उत्तम होंगे और फिर इसके ऊपरी भाग में एक लूप बनाएं ( जो कैंप फायर की राख की परत के ऊपर से बाहर निकालने में मदद करेगी। लपेटे हुए संतरे को और जलते हुए अंगारों की एक छोटे पहाड़ (उन्हें सीधे आग में न रखें) कोयले पर डाल दीजिए से ढक दीजिये जिसमें सः केवल लूप बाहर निकलता है। उन्हें पकाने के लिए अनुमानित समय 20-25 मिनट है, लेकिन यह भिन्न होता है, और संतरों के आकार और कोयले के गुणवत्ता पर

निर्भर होता हैं मिनट के बाद जांचें कि वे तैयार हो गए हैं कि नहीं। राख को हटायें और कुछ मिनटों के लिए एल् 20 इसलिए –यूमीनियम को ठंडा करें ताकि इसे छूआ जा सके !और उन्हें खाएं - उसके बाद बच्चों को संतरे के अंदर से अपनी खुद की पकाई हुई चीज़ों को खोलने दें –

**संतरे में नाश्ता:**

एक अन्य विकल्प यह है कि कुछ अण्डों को तोड़ें और एक बड़े कटोरे में उन्हें अच्छी तरह मिलाएं। प्रत्येक विद्यार्थी उस अंडा मिश्रण से अपने संतरों को- भरता है, उस पर ढक्कन लगाता है और फिर इसे एल्यूमीनियम के साथ ढक देता है। अंगारों पर कुछ समय के लिए इसे पकाएं। उसके बाद अपने नारंगी अंडों का लुफ़्त उठायें!

## 16. भरवां केला



इसके लिए आपको केले, मार्शमॉले, चॉकलेट के छोटे टुकड़े, बहुत पतली या कटा हुआ अनानास, स्ट्रॉबेरी जेली, कटी मूंगफली और एल्यूमीनियम पन्नी। केले के छिलके को हटाये (या जो आसानी से आपके देश में पा सकते हैं।) बिना, छिलके को बीच से काटें और फिर उन सामग्रियों के साथ वाले केले को एल्यूमीनियम पन्नी में लपेटें। कोयले में उन्हें पकायें।



## 17. पके हुए आलू

मिट्टी या टिनफ़ोइल में आलू को लपेटें और उन्हें अंगारों पर रखें। आप उन्हें एक छड़ी या कांटे की मदद से जांच सकते हैं। आलू में छड़ी या काटें को दबाएं। अगर यह साफ बाहर आता है, तो यह पक चुका है। उन्हें पकाने का दूसरा तरीका है कि उन्हें सीधे अंगारों पर या आग के आस पास डाल दें, उन्हें पलटते रहें और इस बात का ध्यान रखें कि वे जले नहीं। उन्हें उनके छिलके में ही पकाना।

आप उन्हें गाड़ भी सकते हैंइसके लिए एक गडहे में आग लगाएं और जब यह गरम हो जाए :, तो अंगारों को हटा दें। गड़हे में आलू को रख दें और फिर उन्हें मिट्टी से ढँक दें। उस भरे हुए गड़हे के ऊपर आग लगाएं और आलू को पकाना जारी रखें।

## 18. एक स्टिक पर ब्रेड के साथ हॉटडॉग



पहले से ही ब्रेड का आटा तैयार करें। सभी विद्यार्थी आटे को लपेटकर छोटे सर्प जैसे बनाते हैं और फिर उन्हें हॉट डॉग्स के चारों ओर लपेटते हैं। ब्रेड के आटे के साथ हॉट डॉग को एक छड़ी पर चारों ओर से लपेटे। जब तक आटा पक नहीं जाता तब तक उन्हें आग में पकाएं। वाह, एक स्वादिष्ट डिनर सुनिश्चित करें कि आप मसालों को लेकर) ! (आए हो।



## 19. सींक क़बाब

मांस को टुकड़ों में काट लें और विद्यार्थियों को इसे अपने पसंदीदा व्यंजनों के साथ सींक पर रखने दें। कई चीजें मिलकर एक स्वादिष्ट डिनर बनाती हैं; जैसे कि शिमला मिर्च, प्याज, मिर्च, टमाटर और अनानास। मांस के विकल्प के लिए मटन, चिकन या हॉटडॉग का उपयोग करें सुनिश्चित करें कि वे पूरी तरह से पका)ए गए हैं।(

## 20. रोस्टिंग मार्शमॉल्स



एक छड़ी पर परम्परागत भुना हुआ मार्शमॉल्स को पकाना मत भूलना। पहले से ही बहुत से रोस्टिंग स्टिक्स तैयार रखें और आग की चारों ओर गर्म कोयले की एक अच्छी मात्रा हो। अपने दोस्त के बालों पर अपने मार्शमॉल को न डालने की कोशिश करें बाद में किसी समस्या से बचने के लिए ! एक सुनिश्चित मार्शमॉल्स लकड़ी के पेड़ में सभी स्टिक्स को रख दें।

# सुरक्षा




## २१. एक प्राथमिक चिकित्सा किट (फर्स्ट ऐड बॉक्स (रखें

एक बॉक्स लें और इसे चिकित्सा साधनों से भरें ताकि यह आपके शिविर में होने वाले किसी भी चीज़ के लिए तैयार हो। मैं सिफारिश करती हूं:

-  सैनिटरी चिपकने वाला स्ट्रिप्स या बैंड एड्स
-  जलने पर लगाने वाली क्रीम या एलो वेरा
- 

बुखार को कम करने के लिए एस्पिरिन या टाइलेनॉल जैसी बुनियादी दवाएं
-  आँखों में डालने वाली दवाई जो बच्चों को उनकी आंखों में कुछ गिरने के समय मदद करेंगे
-  काँटों को निकालने के लिए एक  चिमटी
-  मच्छर के काटने और यकीनन खुजली के विरुद्ध मदद करने के लिए मरहम या कोई क्रीम...
-  अपच, गड़बड़ पेट, मतली या दस्त के लिए पेप्टो  बिस्मॉल-

## २२. प्रत्येक बच्चे की एक तस्वीर लें



अपने शिविर में आने वाले बच्चों की हमेशा हाल ही की कोई तस्वीर लें। हम आशा करते हैं कि आपको इस उद्देश्य के लिए उन्हें कभी भी उपयोग नहीं करना पड़ेगा, लेकिन यदि कोई बच्चा खो जाता है, तो उसके हाल ही में ली गई तस्वीर शिविर के आसपास देखने या खोजबीन में बड़ी मददगार होती है। फ़ोटो की कोई भौतिक प्र-तियां आवश्यक नहीं हैं  इन दिनों में हर किसी के पास – डिजिटल कैमरा मौजूद रहता है और आपके सेल फ़ोन में उसकी तस्वीर इस उद्देश्य को पूरा करेगी।




## २३. कैम्पिंग नियमों की घोषणा करें

आप जो चाहते हैं उन नियमों का चयन करें, लेकिन सुनिश्चित करें कि हर कोई उन्हें जानता है। इन विचारों में से एक को शामिल करेंहमेशा जूते पहनें :, झगड़ा न करें, तम्बुओं में न खाएं और मेरी पसंदीदा; "साथी प्रणाली का इस्तेमाल करें। " आप नहीं चाहेंगे कि कैम्पर्स अकेले जाकर खोजबीन करें। अगर आप उन्हें नहीं देख पाते, तो आग्रह करें कि उनके साथ एक अतिरिक्त व्यक्ति का हो। (समान लिंग)



## २४. यौन व्यवहार के साथ बहुत सावधानी बरतें

पुरुष अपनी सेवकाई को पुरुषों पर केन्द्रित करते हैं और महिलायें महिलाओं पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। विपरीत लिंग के एक व्यक्ति के साथ अकेले बाहर न जाएँ।  पेड़ों के बीच किसी कैंपर या)विद्यार्थी के साथ जंगल में चलने की कोई आवश्यकता नहीं है, चाहे वह कहता ऐसा मत सोचिये कि (कहती है कि उसे आप से बात करने की ज़रूरत है।/ यक्ति्ादूसरों को आपके गले लगाना पसंद है या वे चाहते हैं कि आप उन्हें छूएं। और जब विपरीत लिंग के एक व गले लगाते हैं, तो छोटे अभिनन्दन कम पैदा करते हैं। "गलतफहमी"

## २५. कॉफी



आप अपने शिविर में कॉफ़ी से वंचित अगुवों के एक समूह को नहीं चाहोगे आपकी नींद से वंचित टीम के लिए ! कॉफी या चाय बहते रहने दें। यह न केवल आपके लिए, बल्कि आपके विद्यार्थियों के लिए भी एक बहुत महत्वपूर्ण सुरक्षा सुझाव है!

# अतिरिक्त

## रैली

रैली उन कदमों के साथ एक निर्देशित गतिविधि है जो आपके निर्देशों का अनुसरण करते हुए बच्चे लेते हैं। रैली के प्रत्येक भाग में उन्हें एक सामग्री ढूंढना होगा और विभिन्न गतिविधियों को पूरा करना होगा। विजेता वही होगा जो सबसे अधिक संख्या में गतिविधियों का प्रदर्शन करता है या सबसे अधिक संख्या में सामग्रियों को एकत्र करता है। प्रत्येक टीम अपने निर्देश पत्र और सामग्रियों को इकठठा करने के लिए एक बैग लेकर आती है। प्रत्येक स्टेशन पर वयस्कों द्वारा निगरानी की जानी चाहिए। अंकों को जोड़ें और एक झंडा, प्रमाण पत्र या अन्य प्रोत्साहन वस्तु प्रदान करें।

सुझाव:
* एक सेब या डोनट खाएं जो धागे से लटका हुआ है।
* एक चुने हुए पेड़ पर चदें और वहां से कुछ सामान ले लें ताकि यह इस बात का सबूत हो कि आप वास्तव में इस पर चढ़े थे ।(उदाहरण के लिए एक बैनर)
* किसी रस्सी पर एक निश्चित समय तक कूदो।
* एक निश्चित दूरी को छोड़ें
* रस्सी से बनी एक सीढ़ी पर चढ़ो (आप इसे मकड़ी के जाल या अन्य मजेदार डिज़ाइन की तरह बना सकते हैं),
* एक पैर पर कूदते हुए एक गेंद को एक निश्चित संख्या में ऊपर की ओर उछालें।
* एक कुर्सी पर बैठते हुए एक गुब्बारे को फोड़ें।
* गुब्बारे से भरे किसी कंटेनर के अंदर छिपी वस्तुओं का पता लगाएं (इस उद्देश्य के लिए गर्म हवा भरे गुब्बारों का भी उपयोग किया जा सकता है),
* आटे से भरे एक प्लेट में कुछ वस्तुओं को खोजें। यह एक सिक्का हो सकता है। इसके लिए, उनके हाथों को उनके पीछे रखना चाहिए और अपने दांतों से इसे लेना चाहिए।
* संतुलन खोने के बिना जमीन पर रखे किसी रस्सी पर चलना।
* एक निश्चित दूरी से एक बोरे में कूदना।
* दो पंक्तियों में रखे कई टायरों के बीच से कूदना








## एक तम्बू कैसे खड़ा करें:




1. कई सारे कंबल या चादरें लें और उन्हें लटका दें ताकि वे पूरे आकार में बने रहें।

2. तम्बू को मजबूती देने के लिए कुर्सियों का उपयोग करें। आप मेज़, ठोस बोर्ड या पेड़ों से बंधी रस्सी का उपयोग भी कर सकते हैं।

3. कंबल या शीट के साथ फर्नीचर को ढांप लें। भारी किताबों की मदद से कंबल के छोर को पकड़ें या कुर्सियों के पैरों के द्वारा उन्हें सही स्थान पर रखें। ढके हुए क्षेत्र को बढ़ाने के लिए कंबल के सिरों को बांध लें।

4. अधिक आराम के लिए तम्बू के अंदर कुशन रखें और फिर मज़ा लें!


Like us on Facebook:

ChildrenAreImportant

facebook

Like

Camping with
Children Hindi

20165

www.ChildrenAreImportant.com
info@childrenareimportant.com
We are located in Mexico
00-52-592-924-9041

बच्चें महत्वपूर्ण है